भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

<u>विश्व पर्यावरण दिवस पर भाविप्रा की “सुगम” “ सस्टेनेबल ग्रीन एयरपोर्ट्स मिशन" पुस्तिका का विमोचन किया गया</u>

नई दिल्ली, 5 जून, 2023: विश्व पर्यावरण दिवस पर श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया माननीय केंद्रीय नागर विमानन और इस्पात मंत्री द्वारा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा संधारणीयता हेतु की गई विभिन्न पहल से संबन्धित पुस्तिका “सुगम” "सस्टेनेबल ग्रीन एयरपोर्ट्स मिशन" का विमोचन जनरल (सेवानिवृत्त)डॉ.वीके सिंह माननीय केंद्रीय नागर विमानन एवं सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री;, श्री राजीव बंसल, सचिव, नागर विमानन मंत्रालय ; श्री संजीव कुमार, अध्यक्ष,भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।

यह पुस्तिका सीओपी26 में भारत के माननीय प्रधान मंत्री द्वारा घोषित पंचामृत लक्ष्यों के अनुरूप संधारणीयता और कार्बन तटस्थ बनने के लिए भाविप्रा द्वारा की गई विभिन्न पहलों पर प्रकाश डालती है। इस पुस्तिका का उद्देश्य सभी हितधारकों को भाविप्रा द्वारा की जा रही पहलों के बारे में जानकारी देना,साथ ही समय के साथ सीखना, प्रगति की समीक्षा करना और कुशल और संधारणीय हवाई अड्डा प्रचालन की दिशा में की जा रही कार्रवाई और कार्बन तटस्थता के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहयोग प्रदान करना है।

पुस्तिका के विमोचन के अवसर पर श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया माननीय केंद्रीय नागर विमानन और इस्पात मंत्री ने “सुगम” के प्रकाशन हेतु भाविप्रा द्वारा किए गए प्रयासों और पहलों की सराहना की, जो संधारणीय विकास और जलवायु परिवर्तन के प्रति भाविप्रा की चिंता एवं प्रतिबद्धता को प्रकट करते हैं ।

“सुगम” पहला ऐसा प्रयास है जो भाविप्रा हवाईअड्डों पर अक्षय ऊर्जा और ऊर्जा-दक्ष उपायों पर बल देते हुए संधारणीय पहलों को प्रदर्शित करता है। यह भारतीय हवाई अड्डों पर ऊर्जा और उत्सर्जन तीव्रता का गहन विश्लेषण भी प्रदान करता है। भाविप्रा ने कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा से नवीकरणीय स्रोतों को हरित ऊर्जा में स्थानांतरित करने के लिए एक रोडमैप तैयार किया है। भाविप्रा ने इष्टतम ऊर्जा दक्षता और ऑनसाइट सौर क्षमता का इष्टतम उपयोग   करने और 100 प्रतिशत

नवीकरणीय ऊर्जा पर अपने प्रचालनों को परिवर्तित कर अन्य नवीकरणीय ऊर्जा विकल्पों को अपनाने की भी योजना बनाई है।

भाविप्रा पहले से ही अक्षय ऊर्जा के माध्यम से अपनी दो तिहाई ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है। हवाई अड्डों पर हरित ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए, 55 MWp की संयुक्त कमीशन क्षमता वाले सौर संयंत्र भाविप्रा हवाई अड्डों पर स्थापित एवं चालू किए गए हैं और 42 हवाई अड्डों पर 100% नवीकरणीय ऊर्जा पर प्रचालन किया जा रहा है ।

माननीय केंद्रीय मंत्री के मार्गदर्शन में विकसित "सुगम", भारत के 2030 तक अद्यतन किए गए राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदानों और 2070 तक दीर्घकालिक नेट जीरों लक्ष्य के लिए उनकी दूरदृष्टि और प्रतिबद्धता को समाहित करता है। पुस्तिका का उद्देश्य पारदर्शिता और ज्ञान साझा करना, अन्य हवाई अड्डों को भाविप्रा के अनुभवों से सीखनें और नेट जीरो उत्सर्जन प्राप्त करने के सामूहिक लक्ष्य में योगदान हेतु प्रोत्साहित करना है ।

निगमित संचार निदेशालय, भाविप्रा द्वारा जारी
अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: महाप्रबंधक (निगमित संचार) 011-24622787
प्रेस विज्ञप्ति संख्या 8/2023-24

SUGAM
VIKRAM DEV DUTT
RAJIV BANSAL
PIYUSH SRIVASTAVA
S K MISHRA
Joint Secretary
SANJEEV KUMAR
Chairman, AAI
Asangba Chuba Ao
Joint Secretary, MoCA
JAIDEEP PRASAD

SUGAM

SUSTAINABLE GREEN AIRPORTS MISSION

of Airports Authority of India

2023